फप्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

16.12.2025/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे

विजय दिवस

राष्ट्र आज विजय दिवस मना रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीर सैनिकों को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि सैनिकों के शौर्य और बलिदान ने 1971 में भारत को ऐतिहासिक जीत दिलाई। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह दिन युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की विजय की याद दिलाता है। हर वर्ष इस दिन, देश उन वीर योद्धाओं के सर्वोच्च बलिदान को याद करता है जिनकी कहानियां राष्ट्रीय गौरव का स्रोत बनी हुई हैं।

वॉकथॉन

राज्य सरकार द्वारा प्रदेशभर में एंटी चिट्टा अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जन जागरूकता बढ़ाने और नशीले पदार्थों की बिक्री एवं आपूर्ति पर प्रतिबंध लगाने के लिए कड़े कदम उठाए गए हैं। प्रदेश सहित जिला की ग्राम पंचायतों में नशा निवारण समितियों का गठन भी किया गया है। इसी कड़ी में आज हमीरपुर में मैगा वॉकथॉन का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अगुआई में ये मैगा वॉकथॉन आयोजित की जा रही है। मुख्यमंत्री के आगमन के साथ ही प्रतिभागियों को चिट्टा का विरोध करने की शपथ दिलाई गई और पद यात्रा शुरू हुई।

शिपकी–ला

किन्नौर जिला के शिपकी–ला दर्रा से भारत–चीन व्यापार के लिए विदेश मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है। केंद्र से स्वीकृति मिलने के बाद जून 2026 से इसकी शुरूआत की जाएगी। उपायुक्त अमित कुमार की अध्यक्षता में शिपकी–ला व्यापार प्राधिकरण से संबंधित विभागों व हितधारकों की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में इससे सम्बंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि व्यापारियों का पंजीकरण तहसील पूह द्वारा किया जाएगा। इसमें सत्यापित एवं अनुमोदित व्यापारियों को ही व्यापार पास जारी किए जाएंगे। जिला प्रशासन ने इसके लिए व्यापारियों, स्थानीय संस्थाओं एवं सभी हितधारकों से सहयोग का आह्वान किया है।

मुख्यमंत्री शगुन योजना

प्रदेश सरकार गरीब और कमजोर वर्गों के कल्याण को लेकर लगातार योजनाएं चला रही है, जिनमें मुख्यमंत्री शगुन योजना एक अहम पहल है। इस योजना के तहत बीपीएल परिवारों की बेटियों की शादी पर 31 हजार रूपए की आर्थिक सहायता शगुन के रूप में दी जा रही है। इस योजना से प्रदेश के हजारों परिवारों को लाभ मिल रहा है। मंडी जिला के सरकाघाट क्षेत्र में यह योजना खासतौर पर प्रभावी साबित हो रही है।

प्रदेश सरकार गरीब और कमजोर वर्गों के कल्याण को लेकर लगातार योजनाएं लागू कर रही है, जिनमें मुख्यमंत्री शगुन योजना एक अहम पहल बनकर सामने आई है। इस योजना के तहत बीपीएल परिवारों की बेटियों की शादी पर 31 हजार रुपये की आर्थिक सहायता शगुन के रूप में दी जा रही है, ताकि बेटियों के विवाह के समय परिवारों पर आर्थिक दबाव कम हो और वे सम्मान के साथ सामाजिक जिम्मेदारी निभा सकें। पूरे प्रदेश में इस योजना से हजारों परिवारों को लाभ मिल रहा है। आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाया गया है और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से पात्र लाभार्थियों तक सहायता राशि पहुंचाई जा रही है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के जरिए भी योजना की जानकारी घर–घर तक पहुंच रही है, जिससे जरूरतमंद परिवार समय रहते इसका लाभ ले पा रहे हैं।

सरस मेला

प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से इन दिनों शिमला के रिज मैदान पर सरस मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी ग्रामीण महिलाओं को अपने स्वदेशी उत्पादों को बेचने और आर्थिक रूप में आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला है। 20 दिसंबर तक चलने वाले इस मेले में सौ से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जहां महिलाएं पारंपरिक व्यंजन, हथकरघा और हस्तशिल्प उत्पाद के ज़रिए अपने हुनर को प्रदर्शित कर रही हैं।

शिमला में रिज पर मैंने अपना स्टॉल लगाया हुआ है इससे पहले जितना भी हमारे लेडिस थे अपने जो प्रोडक्ट जो अपना गांव तक सीमित होते हैं। आज देखो लेडिस इतना आगे बढ़ चुके हैं कि अपना प्रोडक्ट लेकर दिल्ली और मुंबई तक अपना हिमाचल छोड़कर बाहर भी जाते है। लेडिस अपना प्रोडक्ट लेकर मैं बहुत खुश हूं आज हमारे लेडिस को आजादी मिला है।

इसमें जो है वह वुमन एंपावरमेंट को बढ़ावा मिल रहा है अभी तक जो महिलाएं हैं वह घरों तक ही सीमित थी अब उन्हें अपने हुनर को प्रदर्शित करने का मौका मिल रहा है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है। राज्य में लंबे समय से वर्षा न होने से फलों और फसलों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है वहीं जंगलों में आगजनी की घटनाएं बढ़ रही हैं। चंबा के मुख्य अरण्यपाल राकेश कुमार ने बताया कि बारिश न होने पर कुछ शरारती तत्वों द्वारा जंगलों में आग लगाई जा रही है जिससे वन संपदा को नुकसान हो रहा है। उन्होंने लोगों से ऐसा न करने की अपील की है।

इस बीच मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने कल से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना जताई है। इसके चलते 20 और 21 दिसंबर को उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी हो सकती है।